आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



ताजा समाचारों के लिए हमारा एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करें
harikamaldarpan.com

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल    मो. : 9358430959    Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 23 मेरठ, शुक्रवार 19 जून, 2026    Website:- harikamaldarpan.com    कुल पृष्ठ : 8    मूल्य : दो रुपये

## धौलपुर के रजत बघेल का अंडर-19 भारतीय टीम में चयन, श्रीलंका दौरे पर वनडे टीम में मिली जगह

**धौलपुर।** जिले के युवा क्रिकेटर रजत बघेल ने अपनी शानदार प्रतिभा और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम में जगह बनाई है। रजत का चयन आगामी श्रीलंका दौरे के लिए घोषित अंडर-19 भारतीय वनडे टीम में किया गया है। रजत बघेल के चयन की खबर मिलते ही धौलपुर के क्रिकेट प्रेमियों और खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के लिए यह गर्व का क्षण है। क्रिकेट से जुड़े पदाधिकारियों, कोचों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने रजत को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रजत ने अपनी मेहनत, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन के बल पर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और भारतीय टीम में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त की। रजत बघेल अब श्रीलंका दौरे पर भारतीय अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, जहां उनसे बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। रजत बघेल की सफलता के पीछे वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण है। उन्होंने धौलपुर के मैदानों पर नियमित अभ्यास करते हुए अपनी बल्लेबाजी और फिटनेस पर लगातार काम किया। सुबह-शाम घंटों नेट्स में पसीना बहाने, मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और हर चुनौती का सामना करने के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। रजत ने कभी भी कठिन परिस्थितियों को अपनी राह का रोड़ा नहीं बनने दिया और अपने खेल को लगातार बेहतर बनाते रहे। उनके चयन से जिले के युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ने का उत्साह मिलेगा। रजत बघेल के चयन से पूरे जिले में जश्न का माहौल है और सभी की निगाहें अब श्रीलंका दौरे पर उनके प्रदर्शन पर टिकी हैं। जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुमेंद्र तिवारी ने कहा कि रजत बघेल ने इस उपलब्धि के लिए लगातार कड़ी मेहनत की है। उन्होंने हर स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित की है और लगातार अभ्यास व समर्पण के बल पर भारतीय





अंडर-19 टीम में जगह बनाई है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि मेहनत और लगन का कोई विकल्प नहीं होता। रजत की यह उपलब्धि जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। बधाई देने वालों में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहित वोहरा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, सचिव सुमेन्द्र तिवारी, पूर्व जिला प्रमुख पंडित किशन चंद शर्मा, रामअवतार शर्मा, सुनील राणा, वीरेंद्र जादौन, विनोद पाठक, नरेन्द्र मीना, अतुल भार्गव, नरेंद्र तोमर, फिरोज खान टायर वाले, पप्पन तिवारी, अजीत गुप्ता, दिलीप चाहर, मंजरी फाउंडेशन के निदेशक संजय शर्मा, भावेन्द्र लाल संतानिया, पूर्व खिलाडी चन्द्रमोहन त्रिवेदी, रवि मोहन त्रिवेदी, राहुल राना, विनोद तिवारी, मोहसिन खान, बीसीआई कोच दुष्यंत त्यागी, सुरजीत सिंह, गौतम गोस्वामी, आर्यन शर्मा, अभिषेक गोला, संजीव गुर्जर, अजय कान्त शर्मा सहित अन्य खेलप्रेमी शामिल हैं। **-अनुराग बघेल**

## भारतीय मजदूर किसान यूनियन का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन व चिंतन शिविर सम्पन्न

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय समाज पार्टी के तत्वावधान में भारतीय मजदूर किसान यूनियन का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन व चिंतन शिविर यहां आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू पाल, प्रदेश अध्यक्ष गौरव पांडे, राष्ट्रीय संगठन मंत्री छत्रपाल मौर्य, जिला अध्यक्ष बिजनौर नईम अहमद के साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। शिविर में राष्ट्रीय समाज पार्टी के विषय में चर्चा हुई जिसमें राजू पाल ने कहा कि हमारा संगठन भारतीय मजदूर किसान यूनियन सामाजिक संगठन है। उन्होंने कहा कि हमारी अपनी सहयोगी राजनीतिक राष्ट्रीय समाज पार्टी भी है। जो कोई भी चुनाव लड़ना चाहता है वह हमारी राष्ट्रीय समाज पार्टी से



चुनाव लड़ सकता है, उसे कहीं भटकना नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से हम और हमारी भारतीय मजदूर किसान यूनियन संगठन गरीब, मजदूर, किसान, शोषित, वंचित, पिछड़े वर्ग, कामगारों का शुभचिंतक है इसी तरह राष्ट्रीय समाज पार्टी भी गरीब, मजदूर, किसानों, शोषित, वंचित, पिछड़े, गरीब, कामगारों के राष्ट्रीय समाज की शुभचिंतक है। हम सब एक साथ मिलकर उनकी आवाज बनकर जमीनी स्तर से और ईमानदारी से लड़ते आ रहे हैं और आगे भी लड़ाई लड़ेंगे। **-ब्यूरो**

## अहिल्याबाई होलकर चौक का भूमि पूजन सम्पन्न

**बिलासपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर चौक राजा तालाब रायपुर के सौंदर्यकरण व शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। नारायण प्रसाद पाली प्रवक्ता सर्व गडरिया समाज महासंघ रायपुर ने बताया कि वराडे गडरिया समाज की मांग पर पुरंदर मिश्रा विधायक द्वारा 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मिनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप धनगर, सुब्बा



राव सावरकर, गणपत राव, श्रीमती हीरावती बाई सावरकर, जीवन धनकर, दीनानाथ धनकर, पारस गौतम, प्रकाश सावरकर, दीपक, सोमनाथ सावरकर एवं बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

## विश्व योगासन चैंपियनशिप में इंदौर की तीन बहनों डॉ. आरती पाल, सपना पाल और भावना पाल ने किया कमाल

**अहमदाबाद।** 4 से 8 जून तक अहमदाबाद के ईकेए एरिना स्टेडियम में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व पटल पर अपना परचम लहराया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए योग को विश्व कल्याण का माध्यम बताया। इस अवसर पर योग गुरु स्वामी रामदेव, वर्ल्ड योगासन के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, संजय मालपानी, उमंग डांग, योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ, संयुक्त सचिव वेद प्रकाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश से नेशनल योगासन जज योगाचार्य महेश पाल भी विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल हुए। विश्व योगासन चैंपियनशिप में विश्व के 79 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के



इंदौर की तीन बहनों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित किया। डॉ. आरती पाल ने सीनियर एज ग्रुप ट्रेडिशनल इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। वहीं सपना पाल ने ग्रुप इवेंट में स्वर्ण पदक और भावना पाल ने इंडिविजुअल इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया। नेशनल योगासन जज योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि डॉ. आरती पाल बचपन से ही योग के प्रति समर्पित रही हैं। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। वे अनेक राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। इस विश्व चैंपियनशिप में उन्हें भारतीय योगासन टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। डॉ. आरती पाल की कप्तानी में भारतीय टीम ने कुल 114 पदक अर्जित किए, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। इस शानदार प्रदर्शन के साथ भारत ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में डॉ. आरती पाल पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में योग की प्रोफेसर हैं तथा योगासन भारत में संयुक्त सचिव का दायित्व भी निभा रही हैं। हाल ही में उनका नाम प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए भी प्रस्तावित किया गया है। सपना पाल एवं भावना पाल ने भी अपनी बड़ी बहन डॉ. आरती पाल से प्रेरणा लेकर योगासन खेल में उत्कृष्ट पहचान बनाई है। उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता, गुरुजनों और परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर योगगुरु स्वामी रामदेव, डॉ. जयदीप आर्य, योगासन भारत के पदाधिकारियों, परिवारजनों एवं समाज के विभिन्न वर्गों ने तीनों बहनों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। **-योगाचार्य महेश पाल**



कृष्ण पाल



वीरेन्द्र कुमार पाल



गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेड़ा, मेरठ

# पाल बघेल समाज ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को सौंपा पांच सूत्रीय मांगपत्र

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल महासभा हरियाणा एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल धर्मशाला कुस्लीपुर पलवल का प्रतिनिधिमंडल मिला और मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने पलवल में पांच एकड़ जमीन देवी अहिल्याबाई हॉल का कम्युनिटी सेंटर बनाने के लिए, पलवल सामान्य बस स्टैंड का नाम देवी अहिल्याबाई होलकर रखने, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की धातु की मूर्ति मुख्यमंत्री निधि से बनवाने, पाल बघेल गडरिया समाज को आर्टिकल 341 के तहत आरक्षण दिलाने की सिफारिश केंद्र सरकार को भिजवाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल महासभा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जयचंद बघेल, बघेल महासभा के प्रदेश सदस्य चरण सिंह बघेल, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल महासभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश बघेल शामिल रहे। **-ब्यूरो**



# कुरुक्षेत्र में अहिल्याबाई जयंती धूमधाम से मनाई गई




**कुरुक्षेत्र।** 14 जून को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती गडरिया धर्मशाला में बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरविंदर सिंह कल्याण विधानसभा अध्यक्ष हरियाणा सरकार रहे। पाल बघेल गडरिया समाज के लोगों ने भंडारे का भी आयोजन किया। कैबिनेट मंत्री हरविंदर सिंह कल्याण को समाज ने अपना मांग पत्र दिया। मंत्री ने गडरिया धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की और कहा कि और भी पैसे की जरूरत होगी तो मैं हमेशा तैयार रहूंगा। अनुसूचित जनजाति के मामले में भी उन्होंने उचित कार्रवाई करने का वादा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शमशेर सिंह प्रधान ने की। गडरिया कुरुक्षेत्र धर्मशाला मंच ने समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों का देवी अहिल्याबाई होलकर मोमेन्टो देकर सम्मान किया। पलवल जिले से जयचंद बघेल प्रदेश उपाध्यक्ष लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल महासभा हरियाणा, चरण बघेल प्रदेश सदस्य, कुमार पाल सरपंच पंडरी आदि ने ओमपाल वाइस चेयरमैन घुमंतू जाति आयोग हरियाणा का भी सम्मान किया। धन्यवाद सतीश बघेल प्रधान एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पलवल ने किया। **-ब्यूरो**

## जितेंद्र कुमार धनकर ओबीसी महासभा के जिला उपाध्यक्ष बने



**खैरागढ़।** युवा उद्यमी जितेंद्र कुमार धनकर निवासी ग्राम-रोड अतरिया को ओबीसी महासभा का जिला उपाध्यक्ष (के.सी.जी.) बनाया गया है। यह जानकारी योगेंद्र पाल अध्यक्ष युवा मोर्चा (के.सी.जी., राजनांदगांव) ने दी। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## रीना वर्मा का छत्तीसगढ़ पुलिस में चयन



**बिलासपुर।** रीना वर्मा निवासी लोहारा, कबीरधाम का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में हुआ है। नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि रीना वर्मा को पुलिस विभाग में चयन के पूर्व विशेष रूप से उनके माता-पिता श्रीमती कमला नारायण वर्मा एवं सहपाठी मित्र श्रीमती आरती, कोमल पाली जेल विभाग में पदस्थ द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया गया। **-ब्यूरो**

# वृक्षारोपण और सामाजिक एकता के बीच मनाया गया राजकुमार पाल का जन्मदिवस



**मुंबई।** राष्ट्रीय धनगर महासभा के मुंबई संयोजक समाज के युवा क्रांतिकारी साथी तथा गरुड़ फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार पाल का जन्मदिवस सेवा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता के संदेश के साथ बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित भव्य वृक्षारोपण अभियान में समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस दौरान लगभग 500 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने राजकुमार पाल के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने राजकुमार पाल के सामाजिक योगदान, नेतृत्व क्षमता एवं समाजहित में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजकुमार पाल समाज को संगठित करने, युवाओं को जागरूक करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिससे वे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थित अतिथियों एवं समाजबंधुओं ने उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजन बाटी-चोखा का आनंद लिया। आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण वातावरण ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। आयोजन की सफलता पर सभी सहयोगी समाजबंधुओं, मित्रों, शुभचिंतकों एवं उपस्थित साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह जन्मोत्सव केवल एक जन्मदिन समारोह नहीं रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, समाजसेवा और सामाजिक एकता का प्रेरणादायी संदेश देने वाला एक अनुकरणीय आयोजन सिद्ध हुआ। **-अनुराग पाल**



# सुलतानपुर में हुआ मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह





**सुलतानपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर रामनरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की मेधावी प्रतिभाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षा, सामाजिक एकता और युवा सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर उमाशंकर पाल केजीएमयू लखनऊ, विशिष्ट अतिथि राजकरन पाल पूर्व पीसीएस ऑफिसर लखनऊ, अखिलेश पाल बीएचयू बनारस, प्रो. सीताराम पाल असिस्टेंट प्रोफेसर एसएमयू लखनऊ, डॉ. पंकज पाल ढकवा, देवव्रत पाल ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव दोस्तपुर, पूर्व राज्यमंत्री जानकी पाल, सरिता पाल लखनऊ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिलाल पाल अध्यापक लम्भुआ ने की एवं मंच का संचालन डॉ. राजवंत पाल एवं डॉ. अंजनी पाल ने किया। समारोह में लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। प्रसिद्ध बिरहा गायक एवं लोकगीत कलाकार छविलाल पाल ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में श्याम बहादुर पाल, सुग्रीव पाल अधिवक्ता, धीरज पाल, दयाशंकर पाल अधिवक्ता, सौरभ पाल अधिवक्ता, पप्पू पाल, राजदेव पाल, शंकर पाल, रमेश पाल, श्यामलाल पाल, दयाराम पाल, शुभम पाल, ललित पाल, नकुल पाल, शुभम पाल अधिवक्ता, सुशील पाल अधिवक्ता, राजा पाल, अनिल पाल (कारिया बंझना), रमेश पाल तथा डॉ. अंजनी पाल, डॉ. राममूर्ति पाल, डॉ राजवंत पाल, एड. सुषमा पाल, रेखा पाल, सीमा पाल, एड. दुर्गा पाल, शान्ति, मालती पाल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके आदर्शों और समाज सेवा में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। **-डॉ. अंजनी कुमार पाल**

# मेरठ में 31 मई के कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न







**मेरठ।** 13 जून को डिलीशियस रेस्टोरेंट तेजगढ़ी चौराहा पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर समाज उत्थान समिति मेरठ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें हरवीर पाल जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मेरठ द्वारा पाल समाज के सम्मानित जनों का पटका पहनाकर सम्मान किया गया। 31 मई को आयोजित मातोश्री देवी अहिल्याबाई होल्कर का 301वां जन्मदिवस कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षाग्रह चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया था। इस कार्यक्रम की समीक्षा की गई जिसमें कार्यक्रम के विषय पर विस्तार से चर्चा हुई तथा कार्यसमिति के सभी लोगों का धन्यवाद दिया गया। कोषाध्यक्ष सुरेश पाल जैनपुर ने समस्त खर्चों का विवरण दिया। इस अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित हरवीर पाल के सम्मान समारोह कार्यक्रम की भी समीक्षा हुई जिसमें समस्त विवरण बॉबी पाल द्वारा दिया गया। हरवीर पाल ने सभी का धन्यवाद दिया तथा अपनी तरफ से सभी को चाय पार्टी दी। बैठक में अखिल भारतीय पाल महासभा मेरठ के जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश पाल व युवा जिला अध्यक्ष दीपक पाल सहित समाज के सभी प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। **-ब्यूरो**

# बदायूं में अहिल्याबाई के नाम के बोर्ड की स्थापना





**बदायूं।** 14 जून को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती ग्राम संजरपुर गुलाल में मनाई गई। साथ ही लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम के बोर्ड की भी स्थापना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जसवीर पाल ने की। मुख्य अतिथि सुनीता पाल ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के बोर्ड का अनावरण करके उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। टीटू पाल, अनवीर पाल, धर्मपाल पाल, सुनील पाल, भूरे पाल, कैलाश, गेंदन लाल पाल, पॉप सिंह पाल, प्रिंस पाल, शिवम पाल, मोहर सिंह पाल, मुकेश पाल, अर्जुन पाल, अनिरुद्ध पाल सहित सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन पेरियार प्रदीप पाल ने किया। **-ब्यूरो**

# अखिलेश से मिले दीपक पाल



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट करने के लिए दीपक पाल पहुंचे। चरथावल विधानसभा क्षेत्र के गांव बधाई कलां से सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक पंकज मलिक के साथ वे लखनऊ पहुंचे और प्रदेश कार्यालय पर श्यामलाल पाल प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की तथा पार्टी को मजबूत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सर्व समाज को पार्टी में जोड़ने के लिए वे पूरा प्रयास करेंगे। दीपक पाल युवा नेता हैं, वे काफी वर्षों से पार्टी में कार्य कर रहे हैं। **-शरद पाल**

# तुलसीराम धनगर ने जयंत चौधरी से की जाति प्रमाण पत्र बनवाने की मांग



**मथुरा।** प्रान्तीय धनगर महासभा के जिला अध्यक्ष तुलसीराम धनगर ने यशपाल सिंह बघेल राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय लोकदल के माध्यम से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री. भारत सरकार जयंत चौधरी को भेजे एक पत्र में धनगर समुदाय के जाति प्रमाण पत्र बनवाने और राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। पत्र में लिखा गया है कि धनगर समाज लंबे समय से आपके साथ जुड़ा रहा है। वर्ष 2008-09 के धनगर आंदोलन के समय भी समाज ने आपके साथ सक्रिय सहयोग किया था। उस समय समाज के समर्थन से राष्ट्रीय लोकदल को मथुरा क्षेत्र में महत्वपूर्ण राजनीतिक सफलता प्राप्त हुई थी, जो सर्वविदित है। धनगर समाज सदैव से आपके प्रति सम्मान एवं विश्वास रखता आया है तथा स्वयं को आपके साथ जुड़ा हुआ मानता है। परंतु आज भी समाज को कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से धनगर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में पात्र गरीब एवं मजदूर वर्ग को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं योग्य व्यक्तियों को राजनीतिक हिस्सेदारी, जैसे जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य प्रतिनिधि पदों हेतु उचित अवसर प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि कई बार क्षेत्रीय स्तर पर यह भी कहा जाता है कि समाज द्वारा टिकट की मांग नहीं की जाती, जबकि वास्तविकता यह है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण राजनीतिक प्रक्रिया में आगे बढ़ पाना कठिन हो जाता है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि आप अपने स्तर से धनगर समाज के जाति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं के समाधान तथा राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करने हेतु गंभीरतापूर्वक विचार करें, ताकि समाज को उसका संवैधानिक एवं सामाजिक अधिकार प्राप्त हो सके। **-ब्यूरो**

# स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट ने किया विशाल भंडारे का आयोजन



**दिल्ली।** स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट रजि. के द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के उपलक्ष्य में लखमी प्याऊ सिंधु बॉर्डर सोनीपत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें संस्था की पूरी टीम जेडी पाल, सुरेश पाल, मंगत राम पाल, राम प्रकाश पाल, यशपाल सिंह प्रधान, सुखपाल सिंह पाल, फतेह सिंह, सुरेंद्र पाल, महावीर, तेज पाल, महेश चन्द पाल, सुबोध सोलंकी, ललित कुमार, आकेश पाल, राकेश पाल (गुडडु), गोविंद केटर्स (गोविंद) के साथ ही समाज के गणमान्य जन व समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने प्रसाद वितरण किया एवं ग्रहण किया। **-ब्यूरो**

# पाल भवन निर्माण हेतु चलाया संपर्क अभियान



ललितपुर। अखिल भारतीय पाल महासभा जनपद शाखा ललितपुर एवं पाल समाज कल्याण समिति रजि. द्वारा पाल भवन निर्माण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत विकास खंड जखौरा के ग्राम बरौदास्वामी में पाल समाज के लोगों से सम्पर्क किया गया। समाज के लोगों ने पाल भवन निर्माण को ऐतिहासिक कदम बताते हुए तन-मन-धन से सहयोग का आश्वासन देते हुए जिलाध्यक्ष इं. बी.के. पाल द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष दयाराम पाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश पाल, अनेक सिंह पाल, जसरथ माते, कैलाश पाल, करन सिंह पाल, अजब सिंह पाल, इमरत पाल, रजनी पाल, अमर सिंह पाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। **-प्रकाश पाल**

# गाजियाबाद में अहिल्याबाई की नई प्रतिमा का अनावरण



**गाजियाबाद।** 14 जून को बिहारीपुरा के अहिल्याबाई होलकर पार्क में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की नई प्रतिमा का अनावरण एवं अभिनंदन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर समारोह को भव्य बनाया। प्रतिमा का अनावरण गाजियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। मंच पर वरिष्ठ समाजसेवी बालेश्वर पाल, पाल समाज गाजियाबाद के अध्यक्ष हरीश पाल, पूर्व मंत्री अजीत पाल, जयप्रकाश, ब्रह्मप्रकाश पाल, बिहारीपुरा की पार्षद श्रीमती मुन्नी देवी, नरेन्द्र कश्यप के पुत्र सागर कश्यप मौजूद रहे। मंच संचालन गंगाराम पाल द्वारा किया गया। **-ब्यूरो**

# अखिलेश यादव से मिले दर्शन सिंह धनगर





**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ नेता दर्शन सिंह धनगर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव मिशन 2027 को लेकर विशेष चर्चा की। उत्तर प्रदेश की राजनीति में पाल समाज की मुजफ्फरनगर से मजबूत दावेदारी और लखनऊ में हुई इस राजनीतिक मुलाकात के पीछे सत्ता की गलियों में बड़े समीकरण साधे जाने की अटकलें तेज हैं। हरिकमल दर्पण को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 31 मई को अहिल्याबाई जयंती के अवसर पर भी इन्होंने टिकट की दावेदारी की थी लेकिन अब यह मुलाकात खास है। इस बार 2027 में पाल समाज के बड़े समीकरण माने जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी पहले ही प्रदेश अध्यक्ष पद पर श्यामलाल पाल को नियुक्त कर चुकी है। लखनऊ समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुलाए गए मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ नेताओं में पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी व जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट, पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी, पूर्व मंत्री महेश बंसल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मीरापुर हाजी लियाकत अली, पूर्व प्रत्याशी मेराजुद्दीन, अब्दुल्ला राणा, प्रदेश सचिव विनय पाल, साजिद हसन, जसवीर वाल्मीकि, सतीश गुर्जर, दर्शन सिंह धनगर, अलीम सिद्दीकी, राशिद मलिक, डॉ. इसरार अल्वी, टीटू पाल रमन, बालेंद्र मौर्य, नावेद रंगरेज, यूसुफ गौर एडवोकेट, नासिर खान शामिल रहे। **-शरद पाल**

# सान्वी पाल के जन्मदिवस पर शिकंजी बांटी



**मेरठ।** अखिल भारतीय युवा पाल महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक पाल ने अपनी भतीजी सान्वी पाल के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 17 जून को अपने प्रतिष्ठान पाल साड़ी महल पर राहगीरों एवं आमजन को ठंडी शिकंजी का वितरण कर सेवा भाव का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सान्वी पाल को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं तथा इस पुनीत कार्य की सराहना की। भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल शिकंजी वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। हरिकमल दर्पण परिवार सान्वी पाल के उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु होने की कामना करता है। **-सम्पादक**

# हरिकमल दर्पण

## प्रचार माध्यमों को सशक्त बनाएं!



*देशभर में गडरिया समाज की जनसंख्या लगभग 14 करोड़ आंकी जा रही है लेकिन राजनीति, व्यापार, शिक्षा, उच्च पदों व मीडिया में इस समाज की प्रगति वैसी नहीं है जैसी होनी चाहिए थी। राजनीति को सभी तालों की कुंजी माना जाता है लेकिन राजनीति में सफलता के लिए 'चर्चा-पर्चा-खर्चा' की अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गडरिया समाज राजनीति में जब तक सफल नहीं होगा, अन्य क्षेत्रों में इस समाज का विकास धीमा ही रहेगा। राजनीतिक सफलता के लिए समाज के नेताओं को चाहिए कि वे अपने समाज के प्रचार माध्यमों को सशक्त करने का प्रयास करें। समाचार पत्र, पत्रिकाएं व न्यूज चैनल जनमत तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। यह संतोष की बात है कि गडरिया समाज के बड़ी संख्या में युवा अब मीडिया के क्षेत्र में सक्रिय दिखाई देते हैं लेकिन समाज के प्रचार माध्यमों की संख्या बहुत कम है और जो थोड़े-बहुत चल रहे हैं उन्हें भी भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। समाज को यह बात अच्छी तरह से समझनी होगी कि जब तक हमारे प्रचार माध्यम सशक्त नहीं होंगे तब तक सभी क्षेत्रों में उचित प्रगति संभव नहीं है। अतः हमें अपने प्रचार माध्यमों को सशक्त बनाने का पूरा प्रयास करना चाहिए।*

*इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!*

**-निरंजन सिंह पाल**

# सामाजिक एकता और संगठन को प्राथमिकता दें!

धनगर गडरिया समाज राष्ट्र के विभिन्न राज्यों में निवास करने वाला समाज है। विभिन्न राज्यों में इसकी स्थिति बड़ी संख्या में है किंतु आज तक इसके सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक चेतना का शासन द्वारा ठीक से मूल्यांकन नहीं होने के कारण यह समाज अपनी राजनीतिक पहचान बनाने में कामयाब नहीं हो पाया। किंतु शिक्षा, संस्कार, संस्कृति और टेक्नोलॉजी के कारण युवा वर्ग इस दिशा में बहुत ही अच्छे ढंग से तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में धनगर गडरिया समाज सदियों से निवास कर रहा है। ऐतिहासिक परिस्थितियों का अध्ययन करने से यह ज्ञात होता है कि यह धनगर गडरिया समाज महाराष्ट्र नागपुर क्षेत्र से छत्तीसगढ़ जिसे कौशल राज्य कहा जाता है वहां पशुपालन और रोजगार के दृष्टिकोण से घुमंतू समाज होने के कारण यहां आया और फिर यहीं का होकर रह गया। धनकर गडरिया समाज को छत्तीसगढ़ में बोलचाल की भाषा में (ढेंगर) कहा जाता है। यह समाज मूलतः भेड़पालन, कंबल उद्योग, गोपालन, कृषि जैसे कार्यों में आदिकाल से लगा हुआ है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर, कबीरधाम, दुर्ग, भिलाई, धमधा गंडई, राजनांदगांव, खैरागढ़, तखतपुर, मुंगेली, पंडरिया, पथरिया, लोरमी आदि क्षेत्रों में बड़ी संख्या में निवास करता है। समाज की अनुमानित जनसंख्या विभिन्न जिलों के अनुसार 25 से 30 हजार की होगी। धनगर गडरिया समाज की राजनीतिक स्थिति छत्तीसगढ़ में नहीं के बराबर है। बहरहाल अब राजनीतिक चेतना का जागरण होने से ग्राम पंचायत, जनपद में भाई-बहन प्रयासरत हैं। धनगर समाज छत्तीसगढ़ में अभी वर्तमान में कोई भी कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक जैसे बड़े प्रशासनिक पदों पर नहीं है। बड़े उद्योग अथवा लघु उद्योग में भी हमारे धनकर गडरिया समाज छत्तीसगढ़ के लोग नहीं हैं। कृषि मजदूरी और छोटे कर्मचारी के रूप में ही कार्य कर रहे हैं। धनगर गडरिया समाज को आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग में मिला हुआ है। इसके अतिरिक्त भी अन्य गडरिया समुदाय छत्तीसगढ़ में निवास करते हैं जैसे-झेरिया गडरिया समाज, निखर गडरिया समाज, झाडे धनगर गडरिया समाज, देसहा गडरिया समाज, वराडे गडरिया समाज आदि। उनकी स्थिति भी हमारे धनगर गडरिया समाज की तरह ही है। धीरे-धीरे उनमें आना-जाना और परिचय हो रहा है। सर्व गडरिया समाज महासंघ का गठन भी किया गया है जिसके प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता अजय हंसा रायपुर निवासी हैं। धनगर गडरिया समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद राम हैं। धनगर गडरिया समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और राजनीतिक परिदृश्य में आगे आकर काम करना होगा और इसे राष्ट्रीय स्तर पर संगठित होना होगा। राष्ट्र के विभिन्न राज्यों में धनगर गडरिया समाज को संगठित करना एक बड़ा काम है। इसके माध्यम से हम अपनी सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ सहित राष्ट्र के समस्त धनगर भाई-बहनों से अनुरोध है कि वह समाज के हित में सामाजिक एकता और संगठन को प्राथमिकता दें।



**-नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार)**
मो. 9575761235

# अपने-अपने अहंकार सब में हैं!

अपने-अपने अहंकार सब में हैं। प्रत्येक दूसरे से असमान है। कोई समान अस्तित्व के साथ नहीं हो सकता। रही बात बौद्ध धर्म की वहाँ भी हीनयान, महायान नामक दो पंथ हैं। जिस दिन इस लोकतान्त्रिक देश में आरक्षण अनुपातिक रूप से ओबीसी का दुगना हो जायेगा सवर्ण कौमों का वर्चस्व खत्म हो जायेगा। संसार में दोनों पूर्वी व पश्चिमी दर्शन में आस्तिक व नास्तिक पाए जाते हैं। एक बंगाली का छोटा लड़का बूटी के साथ नाग, नागिन का फन मुझे पकड़ा सकता है लेकिन मैं या मेरा लड़का यह करने में असमर्थ है। यह विधाता की सृष्टि असंख्य चमत्कारों से भरी पड़ी है। विचरण कीजिये। इसे समझना पड़ेगा ही, जो जातिवादी सोच के लोग नहीं समझ पा रहे हैं।



**-जगदीश प्रसाद पाल,** उन्नाव
परास्नातक जनसंचार
मो. 9794866822

# भूमि खरीदते समय पूरी सावधानी बरतें!

वर्ष 2024 में भारत सरकार एक विशेष भूमि सुधार कानून लेकर आई है जिसे सरकार द्वारा गुपचुप रूप से लागू किया गया है। इस कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी कृषि भूमि चाहे वह उसकी निजी भूमि ही क्यों न हो, उस पर बिना भूमि उपयोग परिवर्तन जैसे कि धारा 80 कराए बगैर उस पर निर्माण कार्य नहीं कर सकता। यदि वह व्यक्ति उस भूमि पर कोई निर्माण करना चाहता है तो सर्वप्रथम उसे अथॉरिटी से प्लॉट का लेआउट नक्शा पास कराना होगा, उसके बाद ही वह उस भूमि पर निर्माण कर सकता है। यानी पहले धारा 80, उसके बाद नक्शा पास, उसके बाद निर्माण कराओ। सरकार नक्शा पास करने के लिए कम से कम 25 फुट चौड़ा रास्ता, नाली, बिजली, सीवर लाइन की कंडीशन भी रखती है, यदि ये कंडीशन पूरी हैं तो ही नक्शा पास होगा अन्यथा नहीं।

**क्यों और किससे रहे सावधान :**

प्रॉपर्टी डीलर कहीं भी खेत की जमीन में यदि प्लॉट काट रहे हैं तो सबसे पहले खसरा खतौनी में चेक करें कि इस भूमि की धारा 80 हो रही है या नहीं, उसके बाद अपने जिले की अथॉरिटी से पता करें कि इस भूमि पर मेरे प्लॉट का नक्शा पास हो जाएगा या नहीं, यदि अधिकारी मना करता है तो प्लॉट बिल्कुल न खरीदें। प्रॉपर्टी डीलर चाहे अपनी बिरादरी का हो या गैर बिरादरी का, किसी के बहकावे में ना आयें क्योंकि उन्हें अपने प्लॉट काटने व बेचकर मुनाफा कमाकर वहां से निकल जाना है। आजकल बहुत से गडरिया भाई दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ में प्लॉट खरीद रहे हैं। समझदार लोग जिन्हें पता है कि हमारे मकान आज नहीं तो कल गिराए जाएंगे, वह चालाकी से अपने मकान नासमझ लोगों को पूरी-पूरी अमाउंट में बेचकर अपना पैसा सुरक्षित प्लॉट पर लगा रहे हैं जैसे कि अथॉरिटी, आवास विकास के प्लॉट आदि।

**किस भूमि को न खरीदें :**

सरकारी भूमि जैसे कि तालाब, नदी किनारे प्लॉट, सरकारी संस्था की जमीन, वन विभाग की भूमि, सड़क, नाले आदि की भूमि को न खरीदें।

**किस भूमि को खरीद सकते हैं :**

डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा काटे गए प्लॉट, आवास विकास प्राधिकरण द्वारा काटे गए प्लॉट, जिला पंचायत द्वारा काटे गए प्लॉट, ग्राम समाज द्वारा काटे गए प्लॉट आदि को खरीद सकते हैं।

आजकल दिल्ली सहित भारत के लगभग हर जिले में बुलडोजर कार्यवाही चल रही है, यहां तक कि झारखंड जैसे महापिछड़े राज्यों में भी कई प्राधिकरणों ने अपनी वेबसाइट पर अवैध कॉलोनियों की सूची डाल रखी है, जिन पर आज नहीं तो कल कार्यवाही होनी ही है।



**-एड. एपी सिंह नीखरा,** गाजियाबाद
मो. 9315796504

# अब एक इवेंट बनकर रह गई है शादी!

आजकल की युवा पीढ़ी की मुताबिक साल भर में शादियों पर जितना खर्च हो रहा है, उतनी कई देशों की जीडीपी भी नहीं है। सनातन में शादी एक संस्कार होती थी जो अब एक इवेंट बन कर रह गई हैं। पहले शादी समारोह मतलब दो लोगों को जुड़ने का एहसास कराते, पवित्र विधि-विधान, परस्पर दोनों पक्षों की पहचान कराते, रीति-रिवाज, नेग भी मान-सम्मान होते थे। पहले हल्दी और मेंहदी यह सब घर अंदर हो जाता था, किसी को पता भी नहीं होता था। पहले जो शादियां मंडप में बिना तामझाम के होती थीं, वह भी शादियां ही होती थीं और तब दाम्पत्य जीवन इससे कहीं ज्यादा सुखी थे। परंतु समाज व सोशल मीडिया पर दिखावे का ऐसा भूत चढ़ा है कि किसी को यह भान ही नहीं है कि क्या करना है क्या नहीं? एक-दूसरे से ज्यादा आधुनिक और अमीर दिखाने के चक्कर में लोग हद से ज्यादा दिखावा करने लगे हैं। अड़तालिस किलो की बिटिया को पचास किलो का लहंगा भारी न लगता। माता पिता की अच्छी सीख की तुलना में कई किलो मेकअप हल्का लगता है। हर इवेंट पर घंटों का फोटो शूट थकान नहीं देता पर शादी की रस्म शुरू होते ही 'पंडित जी जल्दी करिए, कितना लम्बा पूजा-पाठ है, कितनी थकान वाला सिस्टम है' कहते हुए शर्म भी न आती। वाकई, अब की शादियाँ हैरान कर देने वाली हैं। मजे की बात ये है कि ये एक सामाजिक बाध्यता बनती जा रही है। उत्तर भारत में शादियों में फिजूलखर्ची धीरे-धीरे चरम पर पहुँच रही है। पहले मंडप में शादी, वरमाला सब हो जाता था। फिर अलग से स्टेज का खर्च बढ़ा, अब हल्दी और मेहंदी में भी स्टेज खर्च बढ़ गया है। प्री-वेडिंग फोटोशूट, डेस्टिनेशन वेडिंग, रिसेप्शन, अब तो सगाई का भी एक भव्य स्टेज तैयार होने लगा है। टीवी सीरियल देख-देखकर सब शौक चढ़े हैं। पहले बच्चे हल्दी में पुराने कपड़े पहनकर बैठ जाते थे, अब तो हल्दी के कपड़े पांच-दस हजार के आते हैं। प्री-वेडिंग शूट, फर्स्ट कॉपी डिजाइनर लहंगा, हल्दी/मेहंदी के लिए थीम पार्टी, लेडिज संगीत पार्टी, बैचलर'स पार्टी, ये सब तो लडकी वाला नाक ऊंची करने के लिये करवाता है। यदि लड़की का पिता खर्च में कमी करता है तो उसकी बेटी कहती है कि शादी एक बार ही होगी और यही हाल लड़के वालों का भी है। मजे की बात यह है कि स्वयं बेटा-बेटी ही इतना फिल्मी तामझाम चाहते हैं, चाहे वो बात प्री-वेडिंग शूट की हो या महिला संगीत की, कहीं कोई नियंत्रण नहीं है। लड़की का भविष्य सुरक्षित करने के बजाय पैसा पानी की तरह बहाते हैं। अब तो लड़का-लड़की खुद मां-बाप से खर्च करवाते हैं। शादियों में लड़के वालों का भी लगभग उतना ही खर्चा हो रहा है जितना लड़की वालों का। अब नियंत्रण की आवश्यकता जितना लड़की वाले को है, उतना ही लड़के वाले को भी है। दोनों ही अपनी दिखावे की नाक ऊंची रखने के लिए कर्जा लेकर घी पी रहे हैं। कभी ये सब अमीरों, रईसों के चोंचले होते थे, लेकिन देखा-देखी अब मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास वाले भी इसे फॉलो करने लगे हैं। रिश्तों में मिठास खत्म, ये सब नौटंकी शुरू हो गई। एक मजबूत के चक्कर में दूसरा कमजोर भी फंसता जा रहा है। कुछ वर्षों पहले ही शादी के बाद औकात से भव्य रिसेप्शन का क्रेज तेजी से बढ़ा। धीरे-धीरे एक-दूसरे से बड़ा दिखने की होड़ एक सामाजिक बाध्यता बनती जा रही है। इन सबमें मध्यम वर्ग परिवार मुसीबत में फंस रहे हैं कि कहीं अगर ऐसा नहीं किया तो समाज में उपहास का पात्र ना बन जायें। सोशल मीडिया और शादी का व्यापार करने वाली कंपनियां इसमें मुख्य भूमिका निभा रहीं हैं। ऐसा नहीं किया तो लोग क्या कहेंगे/सोचेंगे का डर ही ये सब करवा रहा है। कोई नहीं पूछता उस पिता या भाई से जो जीवनभर जी-तोड़ मेहनत करके कमाता है ताकि परिवार खुश रह सके। वो ये सब फिजूलखर्ची भी इसी भय से करता है कि कोई उसे बुढ़ापे में ये ना कहे कि आपने हमारे लिए किया क्या। दिखावे में बर्बाद होते समाज को इसमें कमी लाने की महती आवश्यकता है वरना अनर्गल पैसों का बोझ बढ़ते-बढ़ते वैदिक वैवाहिक संस्कारों को समाप्त कर देगा। समाज की युवा पीढ़ी, बुद्धिजीवी व समाजसेवियों को गभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।



**-मंगत राम पाल**
अध्यक्ष, पाल एकता मंच, दिल्ली एनसीआर
मो. 9212381537

# चरित्र की हत्या किसी इंसान की हत्या से कम खतरनाक नहीं!

किसी इंसान की हत्या उसके शरीर को समाप्त करती है, लेकिन उसके चरित्र की हत्या उसके जीते-जी उसे समाज की नजरों में मार देती है। सबसे दुखद बात यह है कि शरीर की हत्या के लिए हथियार चाहिए, लेकिन चरित्र की हत्या के लिए केवल कुछ झूठ, अफवाहें और सुनने को तैयार भीड़ ही काफी होती है। आज के समय में यह हत्या पहले से कहीं आसान हो गई है। एक झूठी बात, एक अधूरी कहानी, एक मनगढ़ंत आरोप और वर्षों से बनाई गई किसी की प्रतिष्ठा कुछ ही मिनटों में संदेह के कटघरे में खड़ी कर दी जाती है। विडंबना यह है कि लोग सच जानने से पहले फैसला सुना देते हैं। सबूत बाद में खोजे जाते हैं, निर्णय पहले दे दिया जाता है। कई बार अदालतें किसी निर्दोष को बरी कर देती हैं, लेकिन समाज की अदालत उसका नाम कभी बरी नहीं करती। क्योंकि घाव शरीर पर लगे हों तो भर सकते हैं, लेकिन चरित्र पर लगे दाग अक्सर लोगों की स्मृतियों में ज़िंदा रहते हैं। सबसे खतरनाक वे लोग नहीं हैं जो झूठ गढ़ते हैं, बल्कि वे हैं जो बिना सोचे-समझे उसे आगे बढ़ाते हैं। क्योंकि हर अफवाह का एक निर्माता होता है, लेकिन उसे ताकत देने वाले सैकड़ों दर्शक होते हैं। इसलिए किसी के बारे में कुछ सुनकर उसे सच मान लेने से पहले एक बार ठहरना चाहिए। क्योंकि हो सकता है कि आपके लिए वह केवल एक चर्चा हो, लेकिन किसी दूसरे के लिए वही उसकी वर्षों की कमाई हुई प्रतिष्ठा का जनाजा हो। आखिर में याद रखिए-तलवार का घाव शायद भर जाए, लेकिन चरित्र पर लगाया गया झूठा आरोप अक्सर पूरी जिंदगी साथ चलता है। किसी इंसान को मारना एक अपराध है, लेकिन किसी निर्दोष के चरित्र को मारना ऐसा अपराध है जिसकी सजा अक्सर कानून नहीं, समय देता है।



**-गडरिया अशोक पाल,** गाजियाबाद
संस्थापक स्वाभिमान शिक्षा
संस्कृति समाजोत्थान न्यास
मो. 9717420311

## मामूली इंसान हो तुम!

खुद को खुदा मत समझो,
एक मामूली इंसान हो तुम।
क्यों इतराते हो इतना
क्या खुदा का पैगाम हो तुम?
मौसम ए गर्मी में,
तो तपन होती ही है,
बारिश में मेघा गरजते ही हैं।
इतना हैरान क्यों हो तुम?
खुद को खुदा मत समझो
एक मामूली इंसान हो तुम।
बहार में हवा से
तो मौज उठती ही है।
उठकर गिरती ही है।
इतना गुमान मत कर ए मौज
दो पल की हस्ती तुम्हारी
तू मौज है, समुद्र थोड़े ही है।
खुद को खुदा मत समझो,
एक मामूली इंसान हो तुम
कसूर, खता, गलती तो,
इंसान से होती ही है।
कोई भगवान थोड़े हो तुम।
खुद को खुदा मत समझो,
एक मामूली इंसान हो तुम।



**-नारायण प्रसाद पाली**
प्रांतीय प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़
मो. 9575761235

## आंगन में दीवार उठाओगे!

बर्तन सम टकराकर,
आंगन में दीवार उठाओगे!
बाहर एक स्वर में चिल्लाओ,
जग में धूम मचाओगे!!
अपना हित, नुकसान गैर का,
ऐसा जीवन मत जीना
निर्झर झरना, नदिया बनना,
परहित का मधुरस पीना
सबका हित, अपना हित समझो,
तब तो सरल कहाओगे!
बाहर एक स्वर में चिल्लाओ,
जग में धूम मचाओगे!!
हम समाज के अभिन्न हिस्से,
अपनी भूमिकाएँ जानें
नैतिकता, व्यवहारिकता में,
पारदर्शिता पहचानें
परोपकार का भाव न हो तो,
अहंकारी बन जाओगे!
बाहर एक स्वर में चिल्लाओ,
जग में धूम मचाओगे!!
स्वयं के जीवन में चाहो
अपनत्व, तो अपनापन बांटो
संरक्षण, पोषण है जरूरी,
इन्हें काटकर न पाटो
निर्मलता, सौंदर्य, स्वच्छता,
बिन रोपे कहाँ पाओगे?
बाहर एक स्वर में चिल्लाओ,
जग में धूम मचाओगे!!
अंकुर बिन कैसे कोई दाना,
वट सम जड़ें जमाएगा
न शीतलता दान करेगा,
न एक क्षुधा मिटाएगा
मिटकर भी जीवन पा जाओ,
कब वो भाव जगाओगे?
बाहर एक स्वर में चिल्लाओ,
जग में धूम मचाओगे!!
बर्तन सम टकराकर,
आंगन में दीवार उठाओगे!
बाहर एक स्वर में चिल्लाओ,
जग में धूम मचाओगे!!



**-जोहन पाल,** सेंदरी, बिलासपुर
मो. 7974025985

**मेरठ में 'हरिकमल दर्पण' अब यहाँ भी उपलब्ध**

- **पाल बुक सेंटर** रेलवे रोड चौराहा, मेरठ
- **पाल जनरल स्टोर** 467, प्रभात नगर, मेरठ
- **अमित डेयरी एण्ड कन्फैक्शनरी** सी-46, श्रद्धापुरी फेस-2, कंकरखेड़ा, मेरठ
- **सिद्धबली प्रोपर्टीज** ग्राम-गोकुलपुर, गढ़ रोड, मेरठ

## लक्की पाल ने किया नाम रोशन



**बुलंदशहर।** ग्राम मागलौर निवासी देवेन्द्र पाल के पुत्र लक्की पाल ने सहारनपुर जिले में आयोजित बॉक्सिंग टूर्नामेंट में सिल्वर पदक जीतकर अपने मां-बाप व समाज का नाम रोशन किया है। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ। **-सम्पादक**

## जीवन-मेला...

जीवन एक मेला है।
सुख-दुख का झमेला है।
कभी संग साथी तो,
कभी मनुष्य अकेला है।
जीवन है अनजाना सफर।
हम सब हैं यहां मुसाफिर।
कुछ खोना, कुछ पाना है।
राही तुझे चलते ही जाना है।
कभी महकते सुन्दर फूल।
कभी उड़ती भयंकर धूल।
अपना कर्तव्य, पथ मत भूल।
बनाए रख जीवन में उसूल।
जीवन मेले को मधुर बनाओ।
आशाओं के फूल खिलाओ।
मुसीबत में भी
मुस्कुराओ।
पढ़-लिखकर आगे
बढ़ते जाओ।



**-प्रोफेसर (इंजीनियर) भजनलाल हंस बघेल**
प्रिंसिपल, जीवीएन पॉलिटेक्निक कॉलेज, पलवल, हरियाणा
मो. 9588523484

**लघुकथा**

## समुद्र हूँ...

खेती-किसानी के साथ-साथ साहित्य सृजन का कार्य वह कड़ी मेहनत व दिल लगाकर करता था। बाहर कम ही लोगों से मिलता-जुलता। मोबाइल स्क्रॉल, रील और सोशल मीडिया पर सीमित समय खर्च करता, लेकिन पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं खूब पढ़ता। डाकिया झोला भर-भरकर डाक लाता था, आसपास के लोग आश्चर्य करते कि ये आदमी क्या करता है कि हमारी समझ में ही नहीं आता? ताश नहीं खेलता, किसकी बहू किसके साथ नैन मटक्का कर रही है, फलां की लड़की किसके साथ भाग गई, अमुक का लड़का इस साल भी नौकरी नहीं पा सका। इन बातों में वह कोई रस नहीं लेता था। वह हमेशा अपने ही विचारों व सिद्धांतों में खोया रहता था। कुल मिलाकर अपने काम से काम। एक दिन खेत पर जा रहा था। गांव के एक श्रीमान ने व्यंग्य करते हुए कहा-'ओरे मुकेशा! एक जगह पर रुकी हुई नदी का पानी सड़कर बास मारने लगता है।' वह कुछ समय मौन रहा फिर थोड़ा मुस्कुराया और धीरे से बोला-'महानुभाव! मैं रुकी हुई नदी नहीं, समुद्र हूँ, बस दिखता हूँ कि एक जगह रुका हुआ हूँ। मेरी लहरें निरंतर हिलोरें लेती रहती हैं।' समुद्र! शांत, अनंत, रहस्यमयी और विशाल।



**-मुकेश कुमार ऋषि वर्मा**
गांव-रिहावली, डाक-तारौली गुर्जर, फतेहाबाद, आगरा-283111
मो. 9627912535

## साहब नगर दसेलिया में मनाई गई अहिल्याबाई जयंती



**सीतापुर।** धनगर समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में ग्राम साहब नगर दसेलिया में अहिल्याबाई जयंती धूमधाम से मनाई गई। अहिल्याबाई होलकर का एक साइन बोर्ड गांव के तिराहे पर स्थापित किया गया। ग्राम प्रधान मुन्ना लाल धनगर व पंच डॉ. जसवंत पाल के द्वारा बोर्ड का उद्घाटन किया गया। इसके बाद भंडारा किया गया जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। धनगर समाज उत्थान समिति के जिला सहायक मीडिया प्रभारी अमित धनगर, शिव सागर धनगर, अवधेश धनगर, राम सिंह धनगर, सर्वेश धनगर, हुकुमचंद धनगर, इंद्रपाल धनगर, चमन धनगर, अनूप धनगर, रंजीत धनगर, राममूर्ति धनगर, सत्रोहन पाल, रामसेवक धनगर, रामेश्वर धनगर, सुरेश धनगर, देशराज धनगर, वीरेंद्र धनगर, विनोद धनगर, आरती धनगर, आसानी धनगर, निशा पाल, छोटकन्नी पाल, धनगर कांति देवी आदि का सहयोग रहा। **-अमित धनगर**



















# सुमित कुमार बघेल ने नेशनल कैनोइंग चैंपियनशिप में जीते दो रजत पदक, क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर



**बुलन्दशहर।** पहासू क्षेत्र के छोटे से गांव भैय्यापुर के एक होनहार लाल ने राष्ट्रीय स्तर पर खेल जगत में अपने गांव और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। राजेंद्र सिंह के पुत्र सुमित कुमार बघेल ने रायपुर में आयोजित 36वीं नेशनल कैनोइंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए हैं। सुमित की इस ऐतिहासिक सफलता से उनके परिवार और पूरे गांव में जश्न का माहौल है। सुमित कुमार बघेल ने अपनी इस कामयाबी का पूरा श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और अपने कोच के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। सुमित ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी उनके परिवार और कोच ने उनका हौसला बनाए रखा, जिसकी बदौलत आज वे इस मुकाम पर पहुंच पाए हैं। सुमित कुमार बघेल का खेल के प्रति समर्पण नया नहीं है। इससे पहले उन्होंने 2025 की सब-जूनियर चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि वे आने वाले समय में देश के लिए एक बड़े खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। ग्रामीणों ने सुमित के घर पहुंचकर उनके पिता राजेंद्र सिंह और माता को बधाई दी और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। ग्रामीणों का कहना है कि सुमित ने न सिर्फ अपने परिवार का, बल्कि पूरे बुलन्दशहर जिले का गौरव बढ़ाया है।

**-मोहन बघेल सरभन्ना**

## टूंडला में धनगर महासभा ने की महापंचायत



**टूंडला।** 14 जून को धनगर महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा जाजपुर, बरीसानी, हजरतपुर, नंगला, तुलसी, हिम्मतपुर आदि गांवों में धनगर जाति के प्रमाण पत्र तहसीलों में निर्गत नहीं किए जाने के बारे में महापंचायत की गई। महापंचायत में धनगर समाज के युवा, महिला और प्रबुद्ध वर्ग आदि को संबोधित करते हुए धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने कहा कि अब धनगर समाज चुप नहीं बैठेगा और तहसीलदार और जिलाधिकारी से प्रमाण पत्र की मांग करेगा। महापंचायत में धनगर समाज ने निर्णय लिया कि यदि विधानसभा चुनाव में किसी भी दल का प्रत्याशी गांव में आएगा तो धनगर प्रमाण पत्र के बारे में समाज मांग करेगा। महापंचायत में भोले शंकर धनगर, ममता धनगर, राजपाल सिंह धनगर, महावीर सिंह धनगर, रूपेंद्र धनगर, शिवानी धनगर, उपासना धनगर, अनुष्का धनगर, मानवी धनगर, रिया धनगर, लवी धनगर, निलेश धनगर, गीता देवी धनगर, राखी धनगर, कपिल धनगर, बच्चू सिंह धनगर, जयप्रकाश धनगर, दुर्गेश धनगर, महिपाल सिंह धनगर, राजपाल सिंह धनगर, पप्पू धनगर, कपिल धनगर, वीरेंद्र धनगर, विद्या देवी धनगर, विमला देवी धनगर, संतोषी धनगर, सुनीता धनगर, रेखा धनगर, शिखा धनगर, गुड्डी देवी धनगर, विमला देवी धनगर, राखी धनगर आदि सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

**-ब्यूरो**

## तुलसीराम धनगर ने सपा से मांगा टिकट



**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तुलसीराम धनगर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को भेजे एक पत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में स्वयं को बलदेव विधानसभा से प्रत्याशी बनाने की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को भी भेजी है। तुलसीराम धनगर ने 11 जून को जसवंतनगर इटावा में शिवपाल यादव से भेंट कर उन्हें अपना पत्र दिया। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता हेमंत प्रताप सिंह बघेल प्रधान कठफुरी भी साथ रहे।

**-ब्यूरो**






**मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-**

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
   142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   ग्राम-घाट, डॉ0-पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर-6-1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
   निवास : बी-228, सेक्टर-1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
   प्रतिष्ठान: कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली-6
   निवास: 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
   निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
   377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट । मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
   दुकान: पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
   निवास: ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

## निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें-

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
   सी-10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
   ग्राम-घाट, डा0-पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   ए-20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
   721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
   हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
   कार्यालय: 40-ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
   383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
   फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
   कनॉट प्लेस, दिल्ली-110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
   पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली-110053,
   मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
   चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
   टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

## हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719; श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944; श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093; प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ठाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री जगदीश प्रसाद पाल मो. 9794866822, 9452036460
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोंडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776










## हमारे राष्ट्रीय प्रतिनिधि

श्री रूपेश पाल
मो. 7404131706

## हमारे प्रांतीय प्रतिनिधि

1. **महाराष्ट्र में**
   श्री सुशील कुमार पाल
   मो. 9999525007
2. **उत्तराखण्ड में**
   1. श्री विजय सिंह पाल
   मो. 9548489681, 9760339669
   2. श्री वेदप्रकाश पाल
   मो. 8077898033
3. **दिल्ली में**
   श्री प्रेम सिंह पाल
   मो. 9871172373, 7982960892
4. **हरियाणा में**
   श्री श्याम शंकर पाल (सचिन)
   मो. 9891441417
5. **उत्तर प्रदेश में**
   श्री संतोष कुमार पाल
   मो. 9193921911, 9621191911
6. **छत्तीसगढ़ में**
   श्री नारायण प्रसाद पाली
   मो. 9575761235
7. **पंजाब में**
   1. श्री संदीप कुमार पाल
   मो. 9023982213
   2. श्री बरखा राम
   मो. 7889258023
7. **तेलंगाना में**
   श्री रवि कुमार बघेल
   मो. 9000778445

## हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि

1. **मुरादनगर में**
   श्री भूपेन्द्र कुमार पाल
   मो0 8527763254
2. **नरोरा में**
   श्री विजेन्द्र सिंह धनगर
   मो0 8650075728
3. **पहासू में**
   श्री चन्दन सिंह धनगर
   मो.9457004562, 7529946519
4. **बिलग्राम में**
   श्री विपिन कुमार पाल
   मो. 9582620008
5. **कन्नौज में**
   श्री बृजमोहन पाल
   मो. 9956090492
6. **महरौनी में**
   श्री कोमल पाल
   मो. 8127190960
7. **शाहजहाँपुर में**
   श्री रामकुमार पाल
   मो. 7042873133
8. **खतौली में**
   श्री सुन्दर पाल एडवोकेट
   मो. 9719847171, 8077129237
9. **साहिबाबाद में**
   श्रीमती गीता रानी पाल
   मो. 9354336067, 7982179272
10. **रोहिणी (दिल्ली) में**
    श्री मनोज कुमार पाल
    मो. 9313779070
11. **उन्नाव में**
    श्री आकाश पाल
    मो. 6391192033,7071726209
12. **बार (ललितपुर) में**
    श्री नीलेश कुमार पाल
    मो. 7985946865
13. **ललितपुर नगर में**
    श्री संतोष कुमार पाल
    मो. 8009679179
14. **गुरुग्राम में**
    श्री संतोष पाल
    मो. 9891091188
15. **सोहना (गुरुग्राम) में**
    श्रीमती अंजली पाल
    मो. 8700170392










## हमारी खाता संख्या

किसी भी तरह की राशि आप सीधे ही हमारे भारतीय स्टेट बैंक के अकाउन्ट नं. 10493870240 में 'हरिकमल दर्पण' के नाम से जमा करा सकते हैं (**IFSC Code : SBIN0002321**)। मोबाइल नम्बर 9358430959 पर फोन पे की सुविधा भी उपलब्ध है।







## हरिकमल दर्पण

(5, 12, 19 व 26 तारीख को प्रकाशित)

### सदस्यता शुल्क

| | |
|---|---|
| आजीवन | 1000 रुपये |
| वार्षिक | 100 रुपये |

### विज्ञापन की दरें (श्वेत श्याम)

| | |
|---|---|
| वर्गीकृत | 10 रुपये (प्रति शब्द) |
| सजावटी | 100 रुपये (प्रति कालम से.मी.) |
| पूर्ण पृष्ठ | 18000 रुपये |
| आधा पृष्ठ | 10000 रुपये |
| प्रथम पृष्ठ | 50% अतिरिक्त |

### विज्ञापन दरें (रंगीन)

| | |
|---|---|
| सजावटी | 150 रुपये (प्रति कालम से.मी.) |
| पूरा पृष्ठ | 28000 रुपये |
| आधा पृष्ठ | 15000 रुपये |
| चौथाई पृष्ठ | 8000 रुपये |
| प्रथम पृष्ठ | 50% अतिरिक्त |







**हरिकमल दर्पण**

स्वामी एवं सम्पादक निरंजन सिंह पाल के लिए प्रकाशक कमल सिंह द्वारा 60, शिवशंकर पुरी, मेरठ शहर-250002 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं मुद्रक चाहत त्यागी द्वारा चाहत प्रिंटर्स, सी-30, प्रीत विहार, नौचंदी ग्राउंड, मेरठ-250004 (उ.प्र.) से मुद्रित।

आरएनआई/पीआरजीआई नं.: 59755/94

मो. 9358430959